NATIONAL HOUSING BANK

NHB/ITD/QUOT/Web-Publish & Email/2021
April 19, 2021

**«Vendor Name»**
**«Address»**

Dear Sir

## Quotation for Printers

National Housing Bank (NHB) invites sealed quotations from select companies for supply of the following products/services:-

Table 1

| S. No. | Product | Qty. |
|---|---|---|
| 1. | HP OfficeJet Pro 9020 All-in-One Printer | 5 |

Please take note of the following points while submitting your quotation:-

I. The quotation must contain final destination price inclusive of all levies, taxes and any other charges like installation, labour, delivery etc. The vendor must also provide complete breakup of the price along with the part code number. The quotation submitted must contain product literature giving complete technical specifications and provision for enhancement and upgrade. Price should be valid for at least 30 days from the last date of submission of quotation. Please also submit quote with details of any special offers/limited time offers covering the above product that Bank can take benefit of.

II. The items must be delivered within 1 week at the NHB Delhi office from the date of the order. Further delay in delivery may lead to cancellation of order at the discretion of the Bank. Installation is the responsibility of the vendor.

III. Bank reserves the right to cancel or to take necessary action if the items delivered are found to be non-compliant with the details furnished by the vendor. Deviation from the specifications mentioned in Table 1 may lead to the cancellation of the bid. No further communication will be done in this matter.

IV. Bank if desired, may check the genuineness of the product with the OEM. In case of any discrepancies, Bank reserves the right to cancel the bid or to take necessary action.

V. The vendor must provide 1 year Comprehensive on-site OEM Warranty support on all the items supplied.

VI. The Original Quotation shall be typed or written in indelible ink and shall be signed by the vendor or a person or persons duly authorized. The person or persons signing the Quotation shall initial all pages of the Quotation, except for unamended printed literature.

VII. L1 criteria = Total cost for the procurement of all the items in Table No 1.

VIII. Vendor will have to invariably quote for all the items mentioned in Table No 1 failing which the bid will be rejected and will not be considered for further evaluation. No further communication will be entertained in this matter.

IX. Any interlineations, erasures or overwriting shall be valid only if they are initialed by the person(s) signing the Quotation.

X. A Bidder will, by responding to this enquiry, be deemed to have accepted the terms of this enquiry.

**XI. The terms and payment will be as under:**

a. 100% after delivery and installation of the products.

XII. The quotation should be signed by an authorized representative of the company. It should be enclosed in a sealed cover, super scribed as ''**Quotation for Printers''** and has to reach at the following address:

**The General Manager,**
**IT Department, National Housing Bank**
**3rd Floor Core 5-A, India Habitat Centre,**
**Lodhi Road, New Delhi 110 003**

The quotation must reach the above address before 05.00 p.m. on **April 23, 2021**. The representative of companies may contact the undersigned on working days between 11am and 5pm upto April 21, 2021 for any clarification. The Bank reserves the right to reject or accept any quotation and/or reject any or all quotations without assigning any reason.

Yours faithfully

Sd/-

**DM – ITD**
**National Housing Bank**

रा.आ.बैंक/आईटीडी/कोट./वेब-पब्लिश एंड ई-मेल/2021

19 अप्रैल, 2021

<<**वेंडर का नाम**>>

<<**पता**>>

महोदय,

**<u>प्रिंटर्स हेतु कोटेशन</u>**

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) निम्नलिखित उत्पादों/सेवाओं की आपूर्ति के लिये चुनिंदा कंपनियों से मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित करता है:-

| तालिका 1 अंग्रेज़ी पत्रानुसार |
|---|

कृपया अपनी कोटेशन प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:

I. कोटेशन में अंतिम गंतव्य स्थल का मूल्य होना चाहिए जिसमें सभी लेवी, कर तथा अधिष्ठापन, श्रम, वितरण आदि जैसे अन्य प्रभार शामिल हों। वेंडर, पार्ट कोड नंबर के साथ मूल्य का पूरा ब्यौरा भी अवश्य दें। प्रस्तुत कोटेशन में उत्पाद साहित्य हो जिसमें संवर्धन एवं उन्नयन के लिये पूर्ण तकनीकी विनिर्देश एवं प्रावधान हों। कोटेशन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से कम से कम 30 दिन तक मूल्य मान्य हो। कृपया उपयुक्त उत्पादों पर मिलने वाला कोई विशेष ऑफर/सीमित समय ऑफर का भी उल्लेख करें जिससे बैंक उसका लाभ उठा सके।

II. उत्पाद ऑर्डर की तिथि से 1 सप्ताह के भीतर रा.आ.बैंक के दिल्ली कार्यालय में वितरित हो जाने चाहिए। वितरण में अतिरिक्त विलंब होने पर बैंक अपने विवेकानुसार आदेश निरस्त कर सकता है। अधिष्ठापन की जिम्मेदारी वेंडर की होगी।

III. यदि वितरित किए गए मद, वेंडर द्वारा प्रस्तुत विवरणों के अननुपालन में पाए जाते हैं तो बैंक को बोली रद्द करने या आवश्यक कार्रवाई करने का अधिकार है। तालिका- 1 में वर्णित विनिर्देशों में अंतर होने पर बोली रद्द की जा सकती है। इस विषय पर इसके अतिरिक्त कोई पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।

IV. बैंक यदि चाहे तो, ओईएम के साथ उत्पाद की प्रामाणिकता की जांच कर सकता है। कोई अंतर होने पर बैंक बोली को रद्द करने या आवश्यक कार्रवाई करने का अधिकार रखता है।

V. वेंडर को सप्लाई किए गए सभी मदों पर 1 वर्षीय कॉम्प्रीहेन्सिव ऑन-साइट ओईएम वारंटी सपोर्ट प्रदान करना आवश्यक है।

VI. मूल कोटेशन टंकित हो या अमिट स्याही से लिखी गई हो और यह वेंडर या किसी प्राधिकृत व्यक्ति अथवा ऐसे व्यक्तियों जो विधिवत रुप से प्राधिकृत हों, के द्वारा हस्ताक्षरित हो। कोटेशन पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति एवं व्यक्तिगण असंशोधित मुद्रित सामग्री को छोड़कर, कोटेशन के सभी पृष्ठों पर आद्यक्षर करेंगे।

VII. एल1 मानदंड = तालिका सं. 1 की सभी मदों की खरीद हेतु कुल लागत।

VIII. वेंडर को तालिका सं. 1 में उल्लिखित सभी मदों के लिए निरपवाद रूप से कोट करना होगा, ऐसा न करने पर बोली रद्द की जा सकती है एवं आगे मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस मामले में आगे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

IX. कोई अन्तरालेखन, मिटाना या उपरी लेखन केवल तभी वैध होगा जब वह कोटेशन पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति (व्यक्तिगण) द्वारा हस्ताक्षरित हो।

X. ऐसा मान लिया जाएगा कि इस पूछताछ के प्रत्युत्तर द्वारा बोलीदाता ने इस पूछताछ की शर्तें स्वीकार कर ली हैं।

XI. **भुगतान की शर्तें निम्नानुसार होंगी** –

क. उत्पादों के वितरण एवं अधिष्ठापन के पश्चात् 100 प्रतिशत।

XII. कोटेशन कंपनी के प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित होनी चाहिए। वह मुहरबंद लिफाफे में बंद हो, उस पर **''प्रिंटर्स हेतु कोटेशन''** लिख कर निम्नलिखित पते पर भेजें:

**महाप्रबंधक,**
**आईटी विभाग, राष्ट्रीय आवास बैंक**
**तृतीय तल कोर 5-ए, भारत पर्यावास केंद्र,**
**लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003**

कोटेशन **23 अप्रैल, 2021** को सायं 5.00 बजे से पूर्व उपरोक्त पते पर पहुंच जानी चाहिए। कंपनियों के प्रतिनिधि किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए अधोहस्ताक्षरी से कार्य दिवस के दौरान दिनांक 21 अप्रैल, 2021 तक पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 5 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं। बैंक किसी भी कोटेशन को/या सभी कोटेशनों को बिना कोई कारण बताये रद्द या स्वीकार करने का अधिकार रखता है।

भवदीया,

ह/-

**उप प्रबंधक**
**राष्ट्रीय आवास बैंक**